प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का किया शुभारंभ, पहले दिन भारत की झोली में पांच स्वर्ण समेत 14 पदक।**
2. **राज्य के चर्चित शराब घोटाला मामले में एसीबी ने दो आइएएस अधिकारियों को भेजा नोटिस, टेंडर कमीशन घोटाला मामले में इडी ने आठ और आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र।**
3. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन, एक उम्मीदवार की नाम वापसी के बाद अब 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में।**
4. **राज्य में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज, जामताड़ा से गिरफ्तार किये गये पांच शातिर ठग, कई आपत्तिजनक चीजें बरामद।**
5. **नहाय खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरु, राज्य भर के छठ घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।**

****

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में चल रही चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 के पहले दिन भारतीय एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक के साथ कुल 14 पदक अपने नाम किए। एक रिपोर्ट

****

इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन झारखंड के लिए गौरव की बात है।

****

राज्य के चर्चित शराब घोटाला मामले में एसीबी दो वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों मनोज कुमार और मुकेश कुमार से पूछताछ करेगी। एसीबी की ओर से दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। दोनों अधिकारियों को पूछताछ के लिए एसीबी मुख्यालय बुलाया गया है। मुकेश कुमार और मनोज कुमार पूर्व में उत्पाद सचिव रह चुके हैं।

****

इधर, प्रवर्तन निदेशालय– इडी ने राज्य में हुए टेंडर कमीशन घोटाला मामले में तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल सहित आठ आरोपियों के खिलाफ चौथा पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में कहा गया है कि आरोपियों ने टेंडर कमीशन की राशि से 44 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की।

****

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों से कृषि क्षेत्र और किसानों को हो रहे लाभों पर पेश है

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में नाम वापसी के आखिरी दिन कल एक निर्दलीय प्रत्याशी विक्रम किस्कू ने अपना नाम वापस ले लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अब चुनाव मैदान में कुल 13 उम्मीदवार हैं।

****

खूंटी सदर प्रखंड के डुमरदगा गांव में सोहराई जतरा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

****

साइबर अपराध के खिलाफ राज्यभर में अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ और नारायणपुर थाना क्षेत्र से पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इन अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

नहाय खाय के अनुष्ठान के साथ लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ की आज से शुरुआत हो रही है। छठव्रती आज स्नान–ध्यान कर सूर्यदेव को जल अर्पित करेंगे।

****

इधर, राज्यभर में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई पहल की गयी है। छठ घाटों पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। राजधानी रांची में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई कदम उठाये गये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

उधर, सिमडेगा में छठ घाटों को इस तरह तैयार किया गया है ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने कहा कि छठ के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास चौकसी बरती जा रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 27 नवंबर को हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 30 अक्तूबर के बाद मौसम साफ हो सकता है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सैफ सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के उद्‌घाटन की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– झारखंड में खेल के विकास को सरकार प्रतिबद्ध।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नियुक्ति के समय पीजी की डिग्री नहीं, और क्लर्क भी बन गये यूनिवर्सिटी शिक्षक।

प्रभात खबर लिखता है– झारखंड में पूरा हुआ ट्रायलः सफलता मिली तो देश को मिलेगा डेंगू का पहला स्वदेशी टीका।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–भारत को पांच स्वर्ण, छह रजत।

********समाप्त************